प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय ध्वज के डिजाइनर और महान स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया को उनकी जयंती पर याद किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि देश को तिरंगा दिलाने में पिंगली वेंकैया के प्रयासों को हमेशा याद रखा जाएगा। प्रधानमंत्री ने लोगों से हर घर तिरंगा आंदोलन का समर्थन करने और इस महीने की 9 से 15 तारीख के बीच तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का आज अंतिम दिन है। पहली पाली में सरकार की ओर से कैग की रिपोर्ट पेश की गयी। इसके साथ ही निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2024, अग्निशमन विधेयक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक और खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक पेश किया गया, जिन्हें पारित कर दिया गया। सदन में खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा यह विधेयक राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इधर, सदन के बाहर आज भी निलंबित भाजपा विधायकों का प्रदर्शन जारी रहा। विधायकों ने बालू बेचकर सरकार का विरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य में 15 अक्टूबर तक एनजीटी ने बालू उठाव पर रोक लगा रखी है, ऐसे में सरकार मुफ्त बालू का केवल वादा कर जनता को गुमराह कर रही है।

****

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा 2024 दोबारा कराने और परिणाम रद्द करने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि परीक्षा में सिलसिलेवार गड़बड़ियां नहीं मिली हैं। पेपर केवल दो सेंटर पटना और हजारीबाग में लीक हुआ। शीर्ष अदालत ने एनटीए की मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई एक्सपर्ट कमेटी से कहा है कि वह नीट के लिए एसओपी तैयार करे। साथ ही साइबर सिक्योरिटी में खामियों की पहचान भी करे। कमेटी से 30 सितंबर तक जवाब मांगा गया है। केंद्र सरकार ने एनटीए के पूरे सिस्टम की जांच के लिए 22 जून को इसरो के पूर्व चेयरमैन के. राधाकृष्णन की अगुआई में एक्सपर्ट कमेटी बनाने की घोषणा की थी। सुप्रीम कोर्ट में नीट में गड़बड़ियों से जुड़ी 40 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। इन पर 23 जुलाई को सुनवाई पूरी हो गई थी लेकिन अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था।

****

सीबीआई ने नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में पटना पुलिस द्वारा परीक्षा के दिन गिरफ्तार किये गये सिकंदर यादवेंदु, नीतीश कुमार और अमित आनंद सहित 13 को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में गिरफ्तार हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य और उप प्राचार्य समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच जारी है।

****

जमशेदपुर में अग्निशमन सेवा, नई मशीनों के साथ उन्नत की गयी है। –

****

पाकुड़ के इशाकपुर स्थित दीवान पीर के मजार पर उर्स के मौके पर चादरपोशी की गयी। मजार पर चादरपोशी के मौके पर फातेहा खानी के बाद नमाज अशर किया गया। हजारों हिन्दू मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पीर की मजार पर चादरपोशी की।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में कल रात से ही भारी बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से राज्य में सात और लोगों की मौत हो गयी जबकि नौ गंभीर रुप से घायल हुए हैं। ठनका गिरने से चतरा, पश्चिमी सिंहभूम और हजारीबाग में दो–दो जबकि कोडरमा में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में आज भी भारी बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

****

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में शहीद विनय भारती की याद में 18 अगस्त से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में चतरा जिले के साथ–साथ अन्य जिले की भी कुल 16 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट को लेकर तैयारी शुरू कर दी है गई है। शहीद विनय भारती अक्टूबर 2006 में चतरा में नक्सली हमले में शहीद हो गए थे। वह चतरा में एसडीपीओ के पद पर कार्यरत थे।